डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ पक्ष 11- 2083 | भोपाल, दिन गुरूवार, दिनांक 25 जून 2026

न्यूज गैलरी

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर राज्यपाल की समीक्षा

भोपाल। भोपाल में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में संवेदनशीलता महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का आकलन केवल हितग्राहियों की प्रतिक्रिया के आधार पर नहीं, बल्कि तकनीकी मानकों के अनुसार करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की निगरानी के लिए स्पष्ट मापदंड तय करने तथा अधिकारियों द्वारा नियमित गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहेगी।

एम्स भोपाल में क्वालिटी मैनेजर सर्टिफिकेशन कोर्स

भोपाल एम्स भोपाल के अस्पताल प्रशासन विभाग और गुणवत्ता प्रकोष्ठ ने एन्एबीएच के सहयोग से क्वालिटी मैनेजर सर्टिफिकेशन कोर्स आयोजित किया। प्रशिक्षण में विभिन्न चिकित्सकीय और गैर-चिकित्सकीय विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, एक्रीडीएच मानक, रोगी सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन, ऑडिट और सतत गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाना और अस्पताल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाना रहा।

गबन मामले में पूर्व बीईओ अशोक शर्मा बर्खास्त

भोपाल जनजातीय कार्य विभाग ने शहडोल जिले के कुमार क्षेत्र के तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की सेवा से बर्खास्त कर दिया है। उन पर वर्ष 2014 से 2020 के बीच विभिन्न बैंक खातों के संचालन के जरिए करीब 1.01 करोड़ रुपए के गबन का आरोप था। मामला सामने आने के बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई और 2021 में निलंबित किया गया था। विभाग ने वित्तीय अनियमितताओं को गंभीर मानते हुए अंतिम कार्रवाई करते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया।

भोपाल सहित 14 जिलों में बारिश, आज 40 शहरों में अलर्ट

खुश हो जाइए..... देर से ही सही...आ ही गया मानसून, किसानों के चेहरे खिलें

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है। अरब सागर के रास्ते इंदौर, बुरहानपुर, खंडवा और बैतूल की खाड़ी की ओर से मंडला, डिंडौरी के रास्ते प्रदेश में आगमन दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए 40 शहरों में तेज हवाओं के साथ, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मानसून ने बुधवार तक 14 जिले कवर किए हैं। 24 घंटे में भोपाल सहित आधा से ज्यादा प्रदेश कवर होने की उम्मीद है। मानसून की एंट्री के साथ भोपाल-इंदौर और उज्जैन सहित 14 जिलों में बारिश हुई। भोपाल के बैरसिया रोड और लांबाखेड़ा में तेज बारिश हुई तो इंदौर में झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दिलाई। राजधानी में शाम को तेज बारिश शुरू हो गई, जबकि उज्जैन में दिनभर की उमस के बाद विभिन्न इलाकों में मौसम सुहावना कर दिया। नीमच के मनासा, रामपुरा, जावद में तेज बारिश हुई। सागर में 10 से 15 मिनट तक बारिश दर्ज की गई, जबकि बहजना में तेज हवाओं और बिजली की गर्जना के बीच करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। हरदा और डिंडौरी में भी मानसून की पहली बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई।

राह ताकते हुए 10 दिन हो गए थे। मानसून का अता-पता नहीं था। उसने तेलंगाना में डेरा डाला हुआ था। पर, बुधवार को आखिरकार मानसून प्रदेश में पधार गया

प्रदेश में मानसून इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर, बालाघाट, मंडला और डिंडौरी के रास्ते 14 जिले किए कवर

24 घंटे में भोपाल सहित आधा से ज्यादा प्रदेश कवर होने की उम्मीद

यहां हुई आंधी-बारिश

शाम तक इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, सतना, अनूपपुर-सतना, शहडोल, पुष्पराजगढ़, भोपाल, रायसेन, जबलपुर, छिंदवाड़ा, राजगढ़, सिवनी, श्योपुर, सागर, दतिया, सिंगरौली, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला, बालाघाट, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, छतरपुर और अनूपपुर में तेज आंधी व बारिश हुई। बालाघाट जिले में बारिश के साथ कुछ जगह ओलावृष्टि की दर्ज की गई।

आज यहां बारिश का अलर्ट

मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार तक सीधी, जबलपुर, पांढुर्ना, सीधी तेज से भारी बारिश हो सकती है। भोपाल, निवाड़ी, मंडला, रायसेन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, सतना, अनूपपुर, शहडोल, रामनिवास, डिंडौरी, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, बैतूल, गणेशपुरा, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, सिवनी में कुछ जगह बारिश का यलो अलर्ट है।

116 सिलेंडर सिलेंडरों से गैस चोरी: दो घंटे टोल, फिर ढाबे पर बिताई रात,

बिना जीपीएस नर्मदापुरम और सैनी एजेंसियों पर पहुंचे

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

सोलह हजार उपभोक्ताओं से जुड़ी अयोध्या बाइपास स्थित सैनी इंडेन गैस एजेंसी में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। यहां से सप्लाई किए जा रहे सिलेंडरों में से दो से तीन किलो तक गैस चोरी की गई है। इस गड़बड़ी में आईओसीएल की वरिष्ठ प्रबंधक नीलाक्षी वर्मा, ड्राइवर-कंडक्टर और ड्राइवर मोहम्मद सिराज और एजेंसी संचालक सुनील सैनी की मिलीभगत सामने आई है। एजेंसी के गोदाम की जांच करने पर पता चला कि यहां से 116 सिलेंडर स्टॉक से गायब मिले थे। ढाई महीने खाली जांच से पता चला है कि इस ट्रक में 27 मार्च से 9 अप्रैल तक जीपीएस बंद था। जबकि टोल प्लॉजा से मिले फुटेज के आधार पर इस पता लगाया गया है।

खाद्य विभाग ने 9 अप्रैल को सैनी इंडेन गैस एजेंसी के मालीकोली स्थित गैस गोदाम पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया था। जिसमें खाद्य आपूर्ति अधिकारी शामिल रहे। टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां आईओसीएल से आए सील का टूटा खाली हो रहा था। ट्रक में लोड 342 सिलेंडरों को तौलने पर पता चला कि 26 सिलेंडरों में दो से तीन किलो गैस कम है, जबकि सिलेंडरों सीलपैक थे। जबकि पांच सिलेंडरों की सील टूटी मिली थी। टीम ने ट्रक सहित 342 सिलेंडर जब्त कर जांच शुरू की।टीम ने जब गैस गोदाम पर सिलेंडरों के स्टॉक की जांच की तो स्टॉक में 116 फर्जी गैस सिलेंडर कम मिले, जबकि अगर्णित गैस सिलेंडरों का स्टॉक भी कम मिला। जिससे पता चलता है कि एजेंसी संचालक ने घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी कर बाजार में महंगे दामों पर सिलेंडर बेचे हैं। हालांकि सुनील सैनी का कहना है कि हमारे स्टॉक में सिलेंडरों की कमी नहीं मिली है।आईओसीएल कुलदीप, एजेंसी संचालक की गड़बड़ी आई सामने

वेतन में जा रहे 35 करोड़, अब तक वसूली 80 करोड़

कमिश्नर बोलीं- जितना वेतन दे रहे, उतना भी टैक्स नहीं मिल रहा

डीआर संवाददाता ▶▶ उदयपुर

नगर निगम में टैक्स वसूली की धीमी रफ्तार पर कमिश्नर रोशनी जैन ने बुधवार को अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। राइस लिमिट बैठक में उन्होंने कहा कि निगम जितना वेतन कर्मचारियों को बांट रहा है, उतना टैक्स भी सरकारी खजाने में जमा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में नगर निगम का काम कैसे चलेगा? निगम कर्मचारियों के वेतन और पेंशन आदि पर हर महीने करीब 35 करोड़ रुपए तक खर्च कर रहा है।

कमिश्नर ने कई कर्मचारियों के कामकाज पर भी सवाल उठाए। कहा कि कुछ कर्मचारी केवल फाइलों की आवाजाही में सीमित हैं। ऐसे कर्मचारियों को चिह्नित कर उनकी जिम्मेदारियां तय की जाएं। अब निगम प्रशासन ने एक-एक कर्मचारी की उपस्थिति का पूरा ब्योरा मांगा है। वित्तीय वर्ष में 31 अगस्त तक सर्टिफिकेट जमा कराने पर 6 प्रतिशत की छूट मिलती है। पिछले साल इस अवधि तक 280 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली हो चुकी थी, जबकि इस बार अब तक कलेक्शन करीब 80 करोड़ रुपए तक ही पहुंच पाया है।

निगम को चिंता है कि छूट अवधि खत्म होने से पहले वसूली में तेजी आएगी। कमिश्नर ने स्पॉट फाइन की वसूली की भी सख्ती के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को चेताया गया कि लेट कर्मचारी ने जितने चालान बनाए, उतना वसूली का।

मंत्री की सिफारिश पर 82 बीएड कॉलेजों की प्रोफाइल ओके हुई

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय (बीयू) ने बीएड कॉलेजों की संबद्धता निरस्तता को लेकर चल रहे विवाद में नया मोड़ लाने का प्रयास किया है। विश्वविद्यालय ने रजिस्ट्रार ने नोटशीट पर मंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए 82 कॉलेजों की प्रोफाइल ई-प्रवेश पोर्टल पर ओके करने के लिए तत्कालीन कुलपति प्रो. एसके जैन से अनुमति मांगी थी। इसके बाद प्रोफाइल ई-प्रवेश पोर्टल पर मंजूर कर दी गई, जबकि कई कॉलेजों की संबद्धता की निरस्तता प्रक्रिया लंबित थी।

नोटशीट में रजिस्ट्रार ने लिखा था कि रतलाम स्तर पर कथित अनियमित प्रक्रिया चल रही है और प्रोफाइल ओके नहीं होने पर कॉलेजों में प्रवेश संभव नहीं होगा। इसके बाद उच्चतम विभाग नया जो निरीक्षण के बाद कार्यपरिषद संबद्धता देने या नहीं देने पर अंतिम निर्णय ले सकेगी। बाद में कुलपति ने प्रोफाइल ओके करने की अनुमति दे दी।

शासन की अनुशंसा पर कार्रवाई

उधर, कार्यपरिषद ने बुधवार को इन कॉलेजों की संबद्धता की निरस्तता प्रदान कर दी। किन्तुतब इन कॉलेजों में ई-प्रवेश कन्फ्लिक्ट का दूसरा चरण चल रहा है। रजिस्ट्रार डॉ. एसबी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शासन के निर्देशों और निरीक्षण समितियों की अनुशंसा के आधार पर कार्रवाई की है।

12 से 20 जुलाई के बीच 34 ट्रेनों के रूट बदले जाएंगे

भोपाल। रेल यात्री कृष्णा प्रधान हैं। जुलाई माह में रेलवे की ओर से मुंबई-पंजाब व मुंबई सहित अन्य रूटों पर जाने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहने वाली हैं। अगर आप इन रूटों की ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने जा रहे हैं तो पहले ट्रेनों की जानकारी ले लें। दरअसल, रेलवे की ओर से ललितपुर स्टेशन पर यार्ड रिमोडलिंग के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों पर व्यापक असर पड़ेगा। भोपाल रेल मंडल के वैकल्पिक नक्शे अनुसार ने बताया कि 10 से 21 जुलाई के बीच 6 ट्रेनें पूरी तरह निरस्त रहेंगी।

राहुल गांधी बोले-कन्फ्यूजन में लिया कार्तिकेय का नाम

डीआर संवाददाता ▶▶ जबलपुर

मप्र हाई कोर्ट में लोकसभा से विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आवेदन दायर कर कहा है कि बयान कार्तिकेय के लिए नहीं था, कन्फ्यूजन में उन्होंने नाम ले लिया था। उसे उसी रूप में देखा जाना चाहिए। इस मामले में कार्तिकेय सिंह चौहान की ओर से जवाब देने के लिए एक दिन का समय लिया गया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई 25 जून को नियत की है। केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय की ओर से राहुल गांधी के खिलाफ भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि का प्रकरण दायर किया गया है।

प्रकरण में कहा गया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में झाबुआ में आयोजित चुनावी सभा में उनका नाम पनामा केस लीक से जोड़ा था। इससे उनकी सार्वजनिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

एडीएम का आदेश निरस्त, 50 हजार जुर्माना वापस होगा नकली मावे की दो जांच, दोनों रिपोर्ट अलग,

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला न्यायालय ने नकली मावा (खुआ) देखने के मामले में अरोपी सुरेश कुमार कल्याणी को पहले दी है। कोर्ट ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) द्वारा 27 दिसंबर 2024 को पारित दंडात्मक आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि मामले में दो अलग-अलग प्रयोगशालाओं की जांच रिपोर्टें में गंभीर विरोधाभास है। ऐसे में जोखम इन रिपोर्टों के आधार पर आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।एड. नमनता कालड़ेकर 2022 का है। मामा सुरक्षा विभाग की टीम ने ग्वालियर से भोपाल जाए जा रहे 11 क्विंटल मावे को पकड़ा था, जिसे सुरेश कल्याणी वाहन में लेकर जा रहा था। विभाग ने नमूने जांच के लिए हमीदिया स्थित स्टेट्यूटरी लैब भेजे, जिसने मावे को अमानक बताते हुए सुगर टेस्ट पॉजिटिव दिया। इसी आधार पर एडीएम कोर्ट ने दंडात्मक आदेश पारित किया था। इसके बाद आरोपी ने कानूनी अधिकार के तहत नमूने दूसरे निजी रेफरल फूड लेबोरेटरी भेजे। वहां की रिपोर्ट में सुगर टेस्ट निगेटिव आया। इसके अलावा बैक्टर टेस्टिंग, डिटर्जेंट और कॉकरोच टेस्ट की परिणामों में भी स्पष्ट अंतर मिला। अदालत ने इस विरोधाभास को देखते हुए आरोपी की अपील स्वीकार की।

महाकाल मंदिर को 142 करोड़ की आय, दान में नया रिकॉर्ड

डीआर संवाददाता ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 142 करोड़ रुपए की आय दर्ज की गई है। मंदिर समिति के अनुसार 78 करोड़ रुपए केवल दान के रूप में प्राप्त हुए, जो पिछले छह वर्षों में सबसे अधिक है। दान पेटियों से 62 करोड़, भक्त काउंटर से 5.50 करोड़, ऑनलाइन माध्यम से 3.60 करोड़ और गुप्त दान के रूप में 4.05 करोड़ रुपए मिले हैं।मंदिर में दान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाती है। 55 दान पेटियों की गणना सीसीटीवी निगरानी और अधिकारियों की मौजूदगी में की जाती है। गणना कक्ष में कर्मचारियों को विशेष निगरानी का पालन करना होता है। वहीं लड्डू प्रसादी की बिक्री से 65 करोड़ रुपए की आय हुई। महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में बड़ी गुणा वृद्धि हुई है, जिससे आय बढ़ी है, लेकिन मंदिर का मासिक खर्च भी 5 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

समीक्षा | मुख्य सचिव ने मंत्रालय में विभागीय कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की

वर्ष 1947 से पूर्व के कानूनों में पुनः संशोधन अथवा निरसन किए जाने की होगी कार्रवाई

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि ऐसे कानून जिनकी अब जरूरत नहीं है, उसका ठीक से परीक्षण कर ले और प्रभावित प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 से पूर्व के कानूनों में पुनः संशोधन अथवा निरसन किए जाने की कार्रवाई करें। यह देख लें कि अंतिर में यह कानून कितने प्रासंगिक हैं और – उनकी उपयोगिता किस स्तर से है।

उन्होंने कहा कि उस दौर के कई ऐसे कानून हैं, जो अप्रासंगिक हो गए हैं। पूर्व में बहुत सारे ऐसे कानून हटाए गए हैं। समय समय पर निरसन की प्रक्रिया हुई है, किंतु अभी भी कई कानून अस्तित्व में हैं। उसे हटाया जाना जरूरी है। मुख्य सचिव जैन बुधवार को मंत्रालय में विभागीय कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में वर्ष 1947 से पूर्व के कानूनों में पुनः संशोधन अथवा निरसन किए जाने की कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे आमजन को सीधे राहत पहुंचाने वाली लोकसेवा गारंटी योजना और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय-सीमा में संतुष्टिदायक निराकरण सुनिश्चित करें।

मानसून सत्र में आने वाले विधेयक और एक्ट आदि पर भी गहन चर्चा

इस दौरान विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में आने वाले विधेयक और एक्ट आदि पर भी गहन चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने शीघ्र ही इस तरह के विधेयकों को तैयार कर कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिससे आगामी सत्र में उन्हें प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व सत्रों के शून्यकाल, आधे प्रश्न, आश्वासन और लोकलेखा समिति की सिफारिशों संबंधी उत्तर विधानसभा को शीघ्र-सीघ्र में प्रस्तुत कर दिए जाएं।

लोक सेवा गारंटी योजना के प्रकरणों का साप्ताहिक रिव्यू और मानीटरिंग करें

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी योजना के प्रकरणों का विभागाध्यक्ष साप्ताहिक रिव्यू और मानीटरिंग करें। जिससे स्तर के अधिकारियों के कामों की समीक्षा हो और समय-अवधि में ही प्रकरण निराकृत हो। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष कार्यालय तथा तो प्रवास आना ही नहीं चाहिए।

बड़े तालाब के लिए तीन सौ करोड़ का पैकेज, 36 पंचायतें बनेंगी राजस्व मॉडल

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

शहर के भविष्य के लिए बड़े तालाब के समग्र विकास के लिए तीन सौ करोड़ का पैकेज, शहरी क्षेत्र से लगी 36 पंचायतों को राजस्व मॉडल बनाने और भोपाल का मास्टर प्लान लागू करने की जरूरत है। जिससे भोपाल के भोपाल को पंख लग जाएंगे। यह बात बुधवार को राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया से कही।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भोपाल का मास्टर प्लान लागू नहीं होने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास में अवरोध आ रही है।

सीआईपी गेस्ट हाउस में रखी गई बैठक में आयोग के अध्यक्ष पवैया ने जनप्रतिनिधियों की मांगों को सुना। बैठक में प्रभारी मंत्री पीलभन कारपन ने प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से मिलने वाले टैक्स को सीधे नगरीय निकायों को देने और सरकारी भवनों से प्रॉपर्टी टैक्स वसूली करने का सुझाव दिया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि शहरी क्षेत्र से लगी 36 पंचायतों को राजस्व मॉडल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

बैठक में बैरसिया विधानसभा विधायक विष्णु खत्री ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए मास्टर प्लान तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि गांवों में स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी और सामुदायिक भवनों के लिए पहले से जमीन आरक्षित की जानी चाहिए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ पक्ष 11 – 2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 25 जून 2026

न्यूज गैलरी

किसानों को 0% ब्याज वाले ऋण चुकाने में मिली राहत

सीहोर। मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद ने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाले अल्पावधि फसल ऋण की शर्तों में बदलाव को मंजूरी दी है। अब खरीफ और रबी ऋणों की अलग-अलग देय तिथि नहीं होगी, बल्कि वार्षिक एकल ऋण सीमा लागू रहेगी। किसान पहली ऋण राशि निकालने के 12 माह के भीतर भुगतान कर सकेंगे। समय पर ऋण चुकाने वालों को 4 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान मिलेगा। यह योजना 2012–13 से लागू है और तीन लाख रुपये तक के ऋण पर किसानों से ब्याज नहीं लिया जाता।

खरीफ सीजन के लिए किसानों को उन्नत खेती की सलाह

सीहोर। कृषि विभाग ने खरीफ सीजन में बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को तकनीकी सलाह जारी की है। किसानों को मिट्टी, जलवायु और सिंचाई की उपलब्धता के अनुसार फसल चयन करने, प्रमाणित बीज उपयोग करने तथा कस्टम हायरिंग सेंटर अपनाने की सलाह दी गई है। दलहनी और तिलहनी फसलों की बुवाई मेड़–नाली या डोबमेड़ फरो पद्धति से करने पर जोर गया है। विभाग ने संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण और एकीकृत रोग प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

बिजली कंपनी ने करंट हादसों से बचाव के लिए किया आगाह

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बारिश के मौसम में करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। कंपनी ने खुले तैरे, दुकानों और मार्ग गुमटियों हाईटेंशन लाइनों व ट्रांसफार्मरों से दूर लगाने को कहा है। टूटे तार या खंभे की सूचना तुरंत टोल फ्री नंबर 1912 पर देने की अपील की गई है। लोगों को बिजली उपकरणों से छेड़छाड़ न करने, सुरक्षित वायरिंग कराने तथा बच्चों और मवेशियों को बिजली ढांचे से दूर रखने की सलाह दी गई है।

किसानों को साइबर ठगों से सावधान रहने की चेतावनी

सीहोर। कृषि अभियांत्रिकी विभाग ने किसानों को तिरपाली योजनाओं के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से सावधान रहने की एडवाइजरी जारी की है। विभाग के अनुसार कुछ लोग खुद को अधिकारी बताकर कस्टम हायरिंग सेंटर योजना पर लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। किसानों को अनजान कॉल, व्हाट्सएप कॉल या संदिग्ध नंबरों से आने वाले संदेशों पर भरोसा न करने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और साइबर अपराध होने पर 1930 हेल्पलाइन या पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं।

नैनो डीएपी अपनाने और वैकल्पिक उर्वरक उपयोग की अपील

सीहोर। कृषि विभाग ने किसानों से नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने और डीएपी की संभावित कमी को देखते हुए वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग की अपील की है। नैनो डीएपी बीज उपचार, जड़ उपचार और पत्तियों पर छिड़काव के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है, जिससे पौधों की वृद्धि, जड़ विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। विभाग ने किसानों को एनपीके, एसएसपी, यूरिया व अन्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दी है ताकि फसलों को आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें और उत्पादन प्रभावित न हो।

ईरान-इजराइल युद्ध बना 4 महीने की देरी का बहाना, दुकानों-घरों के सामने जमा हो रहा बारिश का पानी

दो जुलाई को खुलेगा रेलवे ओवरब्रिज, ट्रैफिक डायवर्ट होने के बाद बनाए जाएंगे सर्विस रोड

डीआर संवाददाता»सीहोर

भोपाल-इंदौर हाईवे पर सफर करने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए राहत की खबर है। सीहोर का बहुप्रतीक्षित हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज 2 जुलाई तक और नया रेलवे ओवरब्रिज जुलाई माह के दूसरे सप्ताह तक यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। करीब चार महीने की देरी के बाद दोनों परियोजनाएं अब अंतिम चरण में हैं, लेकिन ब्रिज खुलने की खुशी के बीच हाउसिंग बोर्ड, कंचन विहार, ग्रीन सिटी अलोनी क्षेत्र की सर्विस रोड की बदहाल स्थिति स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। बीते कई महीनों से रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते

जर्जर सर्विस रोड और गहरे गड्ढे वाहनों से चलने को मजबूर वाहनों को अब भी इंतजार करना पड़ेगा। ब्रिज कॉर्पोरेशन के अनुसार ब्रिज से वाहनों का आवागमन शुरू होने के बाद ही सर्विस रोड का स्थायी निर्माण हो सकेगा।

काम की धीमी से लेट हुई परियोजना ब्रिज कॉर्पोरेशन के साथ इंजीनियर जैसाल इन्फ्रा ने बताया कि जनवरी 2025 में दोनों ओवरब्रिज का संयुक्त प्रस्ताव था, लेकिन डामर की आपूर्ति प्रभावित होने से काम समय पर पूरा नहीं हो सका। अधिकारियों का कहना है कि ईरान-इजराइल युद्ध के कारण डामर की उपलब्धता प्रभावित हुई, जिससे डामरीकरण का काम एक नया महीने पीछे खिसक गई। अब सामग्री मिलने के बाद निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है।

फाटकों पर जाम से मिलेगी राहत

इन पुलों के शुरू होने के बाद भोपाल और सीहोर के बीच आवागमन करने वाले लोगों को सैकड़ाखेड़ी बाईपास का लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही रेलवे फाटक क्रमांक 104, 107 और 108 पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। पर्यों से

57 करोड़ की लागत, 700 मीटर लंबे ब्रिज

करीब 57 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इन दोनों ओवर ब्रिजों की लंबाई लगभग 700-700 मीटर और चौड़ाई 18 मीटर है। हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज पर लगभग 29 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें 24 पिलर बनाए गए हैं और इसकी लम्बाई रेलवे ट्रैक से 7.30 मीटर रखी गई है। वहीं कंचन रेलवे ओवरब्रिज 28 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है, जिसमें 21 पिलरों का निर्माण किया गया है। कुल मिलाकर दोनों से इलाकार कर रहे लोगों को ओवरब्रिज की सौगात तो जल्द मिलने वाली है, लेकिन तब तक हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के रहवासियों को व्यवसाय और जर्जर सर्विस रोड की परेशानी झेलनी पड़ेगी। ऐसे में लोगों की नजर सिर्फ ओवरब्रिज के उद्घाटन पर नहीं, बल्कि सर्विस रोड के जल्द निर्माण पर भी टिकी है।

सीहोर जिला जेल में कैदी की मौत, परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

डीआर संवाददाता»सीहोर।

सीहोर जिला जेल में गुरुवार सुबह एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रीराम वर्मा के रूप में हुई है, जो मारपीट के एक मामले में न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल में बंद था। घटना के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि श्रीराम की तबियत खराब थी, लेकिन समय पर उचित इलाज नहीं कराया गया। उनका दावा है कि यदि बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलती तो उसकी जान बच सकती थी। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार श्रीराम वर्मा को 28 अप्रैल को हुए एक मारपीट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। यह विवाद पुराने जमीन विवाद से जुड़ा था, जिसमें कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने श्रीराम सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था।

घटना के बाद जेल प्रशासन की ओर से कोई विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है और अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बना रखी है। फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले ने जेल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सीहोर मंडी बुधवार को कैसी रही

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर मंडी में बुधवार को किसानों के लिए राहत भरी खबरें देखने को मिलीं। 24 जून 2026 को मंडी में कुल 6,506 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई, जिसमें सोयाबीन, प्याज और लहसुन की कीमतें अधिक आकर्षक रहीं। मंडी में पीला सोयाबीन 6,600 से 8,701 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका, जबकि इसका औसत भाव 8,000 रुपए रहा। लहसुन में भी शानदार प्रदर्शन रहते हुए 20,700 रुपए प्रति क्विंटल का उच्चतम भाव प्राप्त किया, जिससे किसानों के चेहरे खिल

उठे।

गेहूं सरकारी 2,601 से 2,610 रुपए प्रति क्विंटल, चना लाल 5,021 से 5,560 रुपए और सफेद चना 5,140 रुपए प्रति क्विंटल पर बिका। मूंग के भाव 6,812 से 7,327 रुपए तथा तूवर 5,601 से 5,930 रुपए प्रति क्विंटल रहे। धनिया 720 से 2,576 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी।

मंडी विशेषज्ञों के अनुसार लहसुन, सोयाबीन और धनिया की मजबूत मांग के चलते आगे में तेजी बनी हुई है। आने वाले दिनों में गेहूं और चने की खरीदी में 31 जुलाई से आधार पर कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। किसानों को बेहतर दाम मिलने से बाजार में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

दोपहर तक उमस, दोपहर बाद बारिश, 48 घंटे बाद दो दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

डीआर संवाददाता»सीहोर

बुधवार की दोपहर तक उमस से लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर बाद बारिश ने अपनी मौजूदगी से उमस खुल गई। सीहोर 48 घंटे बाद दो दिन तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। किसानों को खाद मिल गया है तो बोवनी का काम जल्दी पूरा करें। लगातार तेज धारिश हुई तो बोवनी में परेशानी हो सकती है। जगतार हल्की बारिश के साथ मौसम में पूरी तरह नहीं आ रही है। इसा साथ किसान बोवनी में जुटे है।

मानसून आने के बाद भी तेज बारिश नहीं हो पा रही है।

उमस और गर्मी बनी हुई है। बुधवार को दिनभर काफी उमस रही। लोग परेशान हुए। शाम 5 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश रुक-रुककर होती रही। मौसम में फिर से ठंडक हुई। लोगों को राहत मिली। वहीं एक कॉलेज जिला मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. एसएल सोन ने कहा कि 26 और 27 जून को भारी बारिश के आसार है। उन्होंने कहा कि लगातार कम बारिश के कारण मंत्र चक्रवात बना है। उन्होंने किसानों को बोवनी तेजी से पूरी करने की समझाइश दी है। कृषि विज्ञान के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि पिछले दिनों मौसमी लाबक बारिश हो गई थी। किसानों ने बोवनी शुरू कर दी है। जिले में 46 हजार हेक्टेयर में बोवनी पूरी हो चुकी है। बाकी जगह किसान बोवनी में लगे है। जिले में इस साल कुल रकबा 4 लाख 5 हेक्टेयर रखा गया है। जिसमें खाद अब तक जिले की औसत बारिश 21 मिमी दर्ज हो चुकी थी

निशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच शिविर आज

सीहोर। सीहोर गंगा आकाश विधा अटल अस्पताल में गुरुवार को निशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा।

कस्टम हायरिंग योजना के नाम पर ठगी से बचें

सीहोर। कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर कुछ लोग खुद को विभागीय अधिकारी बताकर साइबर ठगी कर रहे हैं। सावधान अभियांत्रिकी ने बताया कि अनजान नंबरों से आने वाले कॉल न उठाएं।

सीहोर में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण पर प्रशासन की कार्रवाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के सैकड़ाखेड़ी रोड स्थित शासकीय भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को सख्त कार्रवाई की। अवैध निर्माण की सूचना मिलने पर तहसीलदार अमित सिंह राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रुकवाकर रुकवा दिया। निरीक्षण के दौरान वहां रिटेनिंग वॉल, मकान सहित अन्य पक्के निर्माण कार्य होते पाए गए।

प्रशासन ने मौके पर मौजूद लोगों से भूमि संबंधी दस्तावेज और निर्माण की अनुमति से जुड़े रिकॉर्ड प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन कोई भी व्यक्ति वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद प्रशासन ने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी। इस्तेमाल नया कि करीब पांच से छह लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर निर्माण कराया जा रहा था।

तहसीलदार अमित सिंह ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में वैध दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को हटाने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जांच पूरी होने तक संबंधित स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकेगा।

निजी उर्वर माहेश्वरी समाज ने वरिष्ठजनों के हाथों कराया पौधरोपण, सम्मान

डीआर संवाददाता»सीहोर

माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा महेश नवमी पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज पौधरोपण कार्यक्रम न्यू बस स्टैंड के पास स्थित श्री भीम राव अंबेडकर उद्यान में 21 विभिन्न प्रजाति के पौधे नगर पालिका अध्यक्ष लिला विजारा राठौर एवं स्थानीय राठौर व पार्षद जाहीन महबूब की गरिमामय उपस्थिति में समाज के वरिष्ठ समाज सेवी शांति लाल साबू, रामेश्वाम मंत्री, अशोक सोडानी एवं प्रतिभा झवर, लीला बूकवा, गीता झवर, सुशीला राठी, मंजू मुंदड़ा द्वारा पौधा रोपण कराकर तुलसी पौधा भेंट कर मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप समाज अध्यक्ष योगेश राठी सचिव महेश झुरकाल, जिला अध्यक्ष पंकज झवर, जिला सचिव राकेश बांगड़, युवा जिला अध्यक्ष पार्थ साबू, जरद सीहोर माहेश्वरी महिला संग,सीहोर जिला माहेश्वरी महिला संगठन,बाहेती, श्याम मंडी संयोग राठी, माहेश्वरी महिला मंडल में मुख्य रूप से सत्य भामा मंडी, सोना चौराहा, राधा सोडानी, रजनी बाहेती, ज्योति झवर, संगीता राठी कमीज

बांगड़, गायत्री साबू, रानी प्रिया तोषनीवाल, आभा मंडी मुंदड़ा, शिवानी काबरा, उदय काबरा, रितिका राठी, मेघा बुरकाल,एवंस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा श्री भीम राव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला

समीक्षा बैठक कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

कार्य पूर्ण नहीं होने पर की जाएगी संबंधितों का वेतन रोकने की कार्यवाही - कलेक्टर

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालमुरुगन के ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षा विभाग के कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिलासंबंध शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्रभारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन, साइकिल वितरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा अपार आईडी निर्माण का कार्य आगामी दो दिवस में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर श्री बालमुरुगन के ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन रोकने सहित की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि मैपिंग कार्य में सीहोर विकासखंड ने 93.54 प्रतिशत, आष्टा ने 93.30 प्रतिशत, बुधनी ने 92.89 प्रतिशत, इछावर ने 92.29 प्रतिशत तथा भैरूंदा विकासखंड ने 91.15 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया है। मैरूंदा विकासखंड की अधिकृत कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में शासकीय विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण की कार्यवाई शीघ्र पूर्ण कर उसकी प्रविष्टियां पोर्टल पर अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के कुल 2 लाख 67 हजार 884 छात्र-छात्राओं में से 1 लाख 93 हजार 673 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा चुकी है। कलेक्टर ने शेष विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए शिक्षकों से विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर सभी विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया भी आगामी दो दिवस में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी नियमित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

सोशल मीडिया पर भेजे लिंक पर बिना जांच भरोसा न करें

डीआर संवाददाता»सिद्दीकगंज

बढ़ती साइबर अपराधों को देखते हुए सिद्दीकगंज पुलिस ने बस स्टैंड क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों और आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा की जरूरी जानकारी दी गई। थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल ने लोगों को साइबर ठगी के अलग-अलग तरीकों के बारे में बताया और सतर्क रहने की सलाह दी।

टीआई ने कहा कि अनजान नंबरों से आने वाली कॉल, संदेश, सोशल मीडिया पर भेजे गए लिंक पर बिना जांच भरोसा न करें। किसी अनजान व्यक्ति की मांगी फोटो, वीडियो, एटीएम कार्ड या ओटीपी साझा करने से बचना है। निजी जानकारी चोरी होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी नौकरी, लॉटरी, इनाम, निवेश, दूसरे आकर्षक ऑफर का लालच देकर ठगी करते हैं। किसी भी लालच से बचें।

टीआई ने कहा कि साइबर फ्रॉड या ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। समय रहते कार्रवाई हो सकेगी। नुकसान कम हो सकेगा।

निरीक्षण

कृषि उपसंचालक ने निजी खाद विक्रय केंद्रों और गोदामों का निरीक्षण किया

कलेक्टर बोले, कार्य पूर्ण नहीं होने पर होगी संबंधितों का वेतन रोकने कार्रवाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर बालगुरू के ने पीईओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षा विभाग के कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्रभारी को निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन, साइकिल वितरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा अपार आईडी निर्माण का कार्य आगामी दो दिवस में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन रोकने संबंधी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि मैपिंग कार्य में सीहोर विकासखंड ने 99.54 प्रतिशत, आष्टा ने 99.30 प्रतिशत, बुधनी ने 92.94 प्रतिशत, इछावर ने 92.29 प्रतिशत तथा भैरूंदा विकासखंड ने 91.15 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया है।

भैरूंदा विकासखंड की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर उसकी प्रविष्टियां पोर्टल पर अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के कुल 2 लाख 61 हजार 000 छात्र छात्राओं में से 1 लाख 95 हजार 873 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा चुकी है। कलेक्टर ने शेष विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर सभी विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने 10 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर सभी विद्यार्थियों के नामांकन की

निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों व गोदामों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

सीहोर। खरीफ सीजन प्रारंभ हो चुका है और किसान खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विस्तार, जिला कार्यालय सीहोर के विभिन्न निजी उर्वरक विक्रेताओं के विक्रय स्थलों एवं गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय से संबंधित अभिलेख, स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक आदि का अवलोकन किया गया तथा ई-विकास प्रणाली से उर्वरक स्टॉक का वास्तविक स्टॉक से मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि किसानों को ई-वितरण प्रणाली के माध्यम से ई-चालान प्राप्त कर ही उर्वरक का विक्रय किया जाए तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखें। कृषि विभाग के अनुसार कलेक्टर के जिले में यूरिया 22899 मीट्रिक टन, डीएपी 1454 मीट्रिक टन, एनपीके 9910 मीट्रिक टन एवं एसएसपी 7222 मीट्रिक टन सहकारी एवं निजी विक्रेताओं के पास उपलब्ध है।

किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार ई-टोकन प्राप्त कर एसएमएस प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षक के दौरान निजी विक्रेताओं को उर्वरक के नमूने लेने, बिलों नियमित अपडेट करने और गुणवत्तापूर्ण उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

आष्टा में 15 एकड़ वन भूमि से हटाया अतिक्रमण, अब होगा पौधरोपण

डीआर संवाददाता»सीहोर

आष्टा वन विभाग ने बारिश के मौसम में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीट रामपुरा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 एकड़ से अधिक वन भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से कब्जा हटाने की कार्रवाई की और भूमि को विभाग के नियंत्रण में लेकर सुरक्षित कर लिया।

कार्रवाई के दौरान जमीन पर परकोलेशन पिट्स (पानी सोखने वाले गड्ढे) तथा कंटूर ट्रेंच (सीसीटी) तैयार किए गए, जिससे भूमि संरक्षण और जल संचयन के कार्य भी किए जा सकें। वन अधिकारियों के अनुसार विभाग जल तक क्षेत्र में 70 एकड़ से अधिक वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा चुका है।

इस अभियान में परिक्षेत्र सहायक कुमेर सिंह, वीपेश सतोरे, बहादुर सिंह तथा सुरक्षा अधिकारी की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारियों ने बताया कि नए अतिक्रमण को रोकने के लिए वन अमला लगातार गश्त कर रहा है और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

रेंजर नवनीत झा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मुक्त कराई गई 15 एकड़ भूमि पर इसी वर्षा ऋतु में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा, जिससे वन क्षेत्र का विस्तार हो सके और पर्यावरण संरक्षण को

न्यूज गैलरी

सहोदय समूह ने 10वीं के छात्र का किया सम्मान

भैरूंदा। सहोदय समूह ने राव राजेन्द्र नगर सिंह पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र देवेन्द्र रावत को शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। सम्मान समारोह रतनपुर के कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। इसमें सीबीएसई से संबद्ध 83 स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन के लिए सम्मान मिला। देवेन्द्र ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। मंच पर उन्हें प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिह्न दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद कुमार गोरखड़े रहे। वे जॉइंट डायरेक्टरेट पब्लिक इन्स्ट्रक्शन में हैं। सहोदय परिवार सचिव, राव राजेन्द्र नगर सिंह पब्लिक स्कूल के प्राचार्य बिबू पिल्लई मौजूद रहे।

प्रीति परमार का राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन

सीहोर। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक प्रीति परमार का राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन हुआ है। चयन प्रक्रिया रासेयो समन्वयक जनेंद्र कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में हुई। संस्था प्राचार्य सुनीता जैन रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय के नेतृत्व में प्रक्रिया पूरी हुई। यह शिविर साल में एक बार होता है। राष्ट्रीय एकता शिविर महेश्वरगढ़ में 24 से 30 जून तक होगा। मध्य प्रदेश से प्रीति परमार सहित तीन्हें 9 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है। चयन पर डीपीसी कालचार उइके, जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन, अशासकीय शैलकुल विद्यालय प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला स्काउट सचिव संतोष सोनी, जिला इको क्लब अधिकारी अंकुर शर्मा, जिला इको क्लब मास्टर ट्रेनर नवाब सिंह राठौर ने बधाई दी।

महेश उत्सव पर अंबेडकर उपवन में 21 पौधे रोपे

सीहोर। माहेश्वरी समाज सीहोर ने महेश उत्सव के कार्यक्रमों की कड़ी में न्यू बस स्टैंड की पास मौजूद अंबेडकर उपवन में पौधरोपण किया।

16 सदस्यीय जत्था चार धाम के लिए रवाना

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में बुधवार को दोपहर में वाहन के द्वारा 16 सदस्यीय जत्था चार धाम के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस खतीब और पूर्व विधायक रमेश राजौरा सहित अन्य ने भगवान के जयकारों के साथ रवाना किया।

पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति की ओर से भजन परमार ने बताया कि बुधवार को धार्मिक यात्रा का श्री गणेश किया गया है। दस दिनों तक केदारनाथ, बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब और यमुनोत्री की यात्रा होती रहेगी। धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं का एक जत्था बाबाधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगल कामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सुखद, सुरक्षित एवं सफल यात्रा की प्रार्थना की गई। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं का परिजनों, पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर भजन परमार, मुकेश, मनोज, राजेश, रामेश्वर, मुकेश, मनोज, राजेश, रामेश्वर, मुकेश, मनोज, राजेश, रामेश्वर

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-11,2083 | विदिशा, दिन गुरुवार,दिनांक 25 जून ,2026

न्यूज गैलरी

नशा मुक्ति, दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जागरूकता

विदिशा। जिला शिक्षा केंद्र के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। दिव्यांग बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण को लेकर भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध तैकनिक सुविधाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर रहा।

कलेक्टर ने खामखेड़ा में कार्यों को देखा

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को ग्राम खामखेड़ा का भ्रमण किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पंचायत कार्यों की स्थिति देखी। शासकीय योजनाओं, कार्यकर्ता, विशेष अभियानों की वास्तविक स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। गांव में चल रही विभागीय गतिविधियों का निरीक्षण किया।

सीसीएल ऋण वितरण पर उन्मुखीकरण बैठक हुई

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभागार में बैंक सखी दीदियों के लिए बैंक लिंकेज लिमिटेड सीसीएल ऋण वितरण पर उन्मुखीकरण बैठक हुई। जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जोयी सांगोडिया का मार्गदर्शन भी रहा। सीसीएल ऋण वितरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

विष्णुलोक बैकुण्ठधाम में दीपदान आज

विदिशा। श्री विष्णुलोक बैकुण्ठधाम श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष निर्जला एकादशी 25 जून, गुरुवार को मंजूलि बेला में दीपदान महोत्सव होगा। भगंगुरु-धर्माधिकारी शिवर गोविंद प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में मनोकामना दीपदान होगा। श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ होगा। तुलसी पत्रों से भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की पूजा होगी। आरती श्रद्धा-भक्ति से होगी। अक्षय अनन्त पुण्यफल की कामना से श्रद्धालु मनोकामना दीपदान करेंगे। हरीपास और गुरु शिखाकर गोसेवा करेंगे। पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करने की बात कही गई है। धर्माधिकारी ने बताया कि निर्जला एकादशी के व्रत से पूरे वर्ष की एकादशी का पुण्यफल मिलता है। एकादशी व्रत आराधना, श्रीलक्ष्मीनारायण के दर्शन, दीपदान, गोसेवा से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है।

कनक को मिला बुंदेली क्रिएटर्स अवार्ड

गंजबासौदा। नगर की बेटी कनक रैकवार को सागर में आयोजित एक भव्य समारोह में बुंदेली क्रिएटर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कनक को यह सम्मान सोशल मीडिया पर बुंदेली कंटेंट और रील के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। कनक फिलहाल विदिशा से बीकॉम की पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई के साथ-साथ वह एक सक्रिय कंटेंट क्रिएटर भी हैं। कनक ने बताया कि वह सोशल मीडिया पर बुंदेली भाषा और संस्कृति से जुड़ी रील्स बनाती हैं, जिन्हें लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। कनक की मेहनत का नतीजा है कि आज उनके फेसबुक पर 19 हजार से ज्यादा और इंस्टाग्राम पर 63 हजार से अधिक फॉलोवर्स हैं। कुल मिलाकर 82 हजार से ज्यादा लोग उनके कंटेंट को फॉलो करते हैं। उनकी रील्स में बुंदेलखंड की बोली, रहन-

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कहारू सच्चाई सामने आनी चाहिए

रघुवंशी समाज ने उठाई आवाज: राममंदिर ट्रस्ट पर अनियमितता के आरोप की हो जांच

राशि देते समय भरोसा दिलाया गया था कि मंदिर ट्रस्ट में रघुवंशी समाज से भी एक व्यक्ति को सदस्य बनाया जाएगा

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

आयोध्या के राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर लगे कथित भ्रष्टाचार, दान राशि के इस्तेमाल और आभूषणों (जेवरों) के चढ़ावे में गड़बड़ी के आरोपों पर रघुवंशी समाज ने नाराजगी जताई है। विदिशा में बुधवार को जिला रघुवंशी समाज के पदाधिकारियों ने इस मामले में देश के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जिला रघुवंशी समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के नेताओं ने

ट्रस्ट में समाज के प्रतिनिधि को शामिल करने की मांग की।

कहा कि राम मंदिर दुनिया भर के करोड़ों लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है। इसके निर्माण के लिए देश के कोने-कोने से लोगों ने अपनी श्रद्धा के अनुसार दिल खोलकर दान और सहयोग किया था। समाज के जिलाध्यक्ष नीरज सिंह रघुवंशी ने कहा है कि ऐसे में मंदिर ट्रस्ट के संचालन पर चढ़ावे को लेकर उठ रहे आरोपों की सच्चाई सामने आना बेहद जरूरी है। समाज के पदाधिकारियों के अनुसार सहयोग राशि देते समय उन्हें यह भरोसा दिलाया गया था कि राम मंदिर ट्रस्ट में रघुवंशी समाज से भी एक व्यक्ति को सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। लेकिन मंदिर बनने के बाद भी अब तक इस वादे को पूरा नहीं किया गया है। समाज ने मांग की है कि ट्रस्ट में उनके प्रतिनिधि को शामिल किया जाए ताकि आस्थाओं में पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने साफ किया कि यह उनका व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं, बल्कि पूरे समाज की भावनाओं और उनके सहयोग का सम्मान करने की बात है। इस दौरान दीप सिंह रघुवंशी सहित समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाज के लोगों का कहना है कि वे इस मुद्दे पर आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। इस दौरान रघुवंशी समाज संगठन के पदाधिकारियों सहित जिलेभर से रघुवंशी समाज के लोग मौजूद रहे।

समाज के लोगों ने हाई लेबल जांच की मांग की

ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में ट्रस्ट से जुड़े कुछ लोगों पर दान राशि के मिसमैनेजमेंट को लेकर कई तरह के आरोप लगे हैं। समाज का मानना है कि इन आरोपों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए, ताकि करोड़ों रुपए भक्तों का भरोसा न टूटे। जिलाध्यक्ष नीरज सिंह रघुवंशी ने साफ कहा कि सनातन भगवान श्रीराम के प्रति अटूट आस्था रखता है और वह सिर्फ इतना चाहता है कि मंदिर से जुड़ी हर व्यवस्था पूरी पूरी तरह साफ-सुथरी और जवाबदेह हो। इस दौरान रघुवंशी समाज ने मंदिर ट्रस्ट में अपने समाज को प्रतिनिधित्व (जगह) देने की एक पुरानी और महत्वपूर्ण मांग को भी दोहराया। पदाधिकारियों ने बताया कि जिलाध्यक्ष के कनक बिहारी महाराज, जो रघुवंशी समाज के प्रमुख गुरु थे, उनके माध्यम से पूरे समाज ने मिलकर मंदिर निर्माण के लिए करीब 1 करोड़ रुपये की बड़ी सहायता राशि दी थी।

गंजबासौदा स्टेशन पर यात्रियों ने पकड़ा चेन स्नेचर, सोने की माला बरामद

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा

गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर एक जेबकतरे और चेन स्नेचर को यात्रियों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना दोपहर करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है। आरोपी पर एक यात्री की जेब से पैसे निकालने और एक महिला यात्री के गले से सोने की चेन छीनने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, निजी कंपनी में मार्केटिंग का कार्य करने वाले सुदेश पटेल मंडी बामोरा जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। वे बिलासपुर एक्सप्रेस की बोगी के पास खड़े थे, तभी एक युवक ने उनकी जेब से पैसे निकाल लिए। सुदेश ने बताया कि उसी दौरान आरोपी ने पास बैठी एक महिला के गले से सोने की माला भी छीन ली और भागने का प्रयास किया। घटना को देखकर बुकिंग सहित अन्य यात्रियों ने तुरंत शोर मचाया और युवक का पीछा कर उसे पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपी को पहले शहर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। बाद में सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया। जिस महिला की चेन छीनी गई थी, वह घटना के बाद ट्रेन से भोपाल की ओर रवाना हो गई, लेकिन यात्रियों ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

जीआरपी प्रभारी महेंद्र शाक्य ने बताया कि आरोपी के कब्जे से महिला की सोने की माला बरामद कर ली गई है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है।

जागी नपा, बदला रेलिंग का रंग

डीआर संवाददाता ✉ सिरोंज

सिरोंज नगरपालिका एक बार फिर अपनी लापरवाही को लेकर चर्चा में आ गई। शनिवार मोहल्ले में शादी हॉल के सामने वाहनों की पार्किंग रोकने के लिए लगाई गई रेलिंग को तिरंगे के रंगों के उल्टे क्रम में रंग दिया गया था। रेलिंग पर सबसे ऊपर हरा, बीच में सफेद और नीचे नारंगी रंग पोता गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद कन्ना ने इसे गंभीर चूक बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी पर सवाल उठाए।

रेलिंग पर रंग बदलवाने तिरंगे के सही क्रम में रंग-रोगन कराया गया। नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन राजू ने इस गलती पर खेद जताते हुए सुधार का आश्वासन दिया था, जिसे तत्काल पूरा भी कर दिया गया।

वहीं, भाजपा ने नगरपालिका के अधिकारियों के बीच जिम्मेदारी की लेकर उलझन दिखाई दिया। निर्माण शाखा प्रभारी ने पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी बताई, जबकि संबंधित इंजीनियर से संपर्क नहीं हो सका। घटना ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

धान की पौध हो रही ओवरएज, 15 दिन और देरी से घटेगा उत्पादन

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

जिले में खोकावीन की तुलना में धान की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। इस खरीफ सीजन में करीब 82 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की रोपाई का लक्ष्य रखा गया है। मानसून की स्थिरा बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

अधिकांश किसानों ने अप्रैल के अंतिम सप्ताह और मई के पहले – सप्ताह में धान की नर्सरी तैयार कर ली थी। नर्सरी अब 25 से 30 दिन की आयु पार कर रही है। कुछ विशेषज्ञों के अनुसार धान की 20 से 25 दिन की पौध रोपाई के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती है। इसके अधिक आयु होने पर पौध की बढ़वार और कल्ले बनने की क्षमता प्रभावित होती है।

नटेरन क्षेत्र के किसान कुलदीप रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने 25 अप्रैल को नर्सरी में बीज डाला था। उनकी पौध अब 30 दिन की हो चुकी है। खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से रोपाई शुरू नहीं हो पाई है। बारिश जल्द नहीं हुई तो रोपाई में 10 से 15 दिन और लग सकते हैं।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुमित दुबे के अनुसार धान रोपाई में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। लगातार दो-तीन अच्छी बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी और पानी भराव की स्थिति बन जाए। तभी पौध को नर्सरी से निकालकर खेत में रोपित करना चाहिए।

आगे क्या– अच्छी बारिश में लग सकता है समय

भोपाल मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अरुण सिसोदिया के मुताबिक मानसून मप्र में प्रवेश कर गया है। आगे बढ़ने की गति बहुत धीमी है। इसलिए विदिशा तक पहुंचने में अभी भी समय लग सकता है। हालांकि आगामी 3 से 4 दिनों तक तेज हवा और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 24 घंटे में औसतन 2 मिमी बारिश हुई है। इस सीजन में जिले में 53.4 मिमी बारिश हो चुकी है।

ताजिया मार्गों और अखाड़ों के निर्धारित स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार रात शहर पुलिस ने विभिन्न ताजिया मार्गों और अखाड़ों के निर्धारित स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शहर थाना निरीक्षक राजेश पटेरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जयस्तंभ चौराहा, स्टेशन रोड, बोरेज रोड, नरसिंगराम प्रसाद चौक और बेदनखेड़ी टपरिया सहित प्रमुख मार्गों का गश्त की। अधिकारियों ने उन स्थानों का भी निरीक्षण किया, जहां से मोहर्रम के ताजिए और अखाड़े निकलते हैं। मोहर्रम के दौरान गांधी चौक, रिसोर्ट चौराहा, जवाहर रोड, रजीया टपरिया, सुभाषपुरा, मिलीपुर और बेदनखेड़ी टपरियों से ताजिए निकाले जाएंगे। वहीं हैदर अखाड़ा और हसनी अखाड़ा भी निर्धारित मार्गों से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। पुलिस ने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की व्यवस्था की है। थाना प्रभारी राजेश पटेरिया ने बताया कि सभी ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।

कोचिंग सेंटरों में मिली सुरक्षा खामियां, प्रशासन ने दिए सुधार के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा

लगातार हो रहे कोचिंग सेंटर अग्निकांड के बाद विदिशा प्रशासन ने शहर के कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार के निर्देश पर एसडीएम प्रीति जोशी और राजस्व अमले ने विभिन्न कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण किया, जिसमें कई गंभीर खामियां सामने आईं।

निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में कायर सीढ़ी के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले। कुछ जगहों एक पहुंचने के रास्ते संकरे पाए गए, जबकि कई जगह आपातकालीन निकासी (इमरजेंसी एग्जिट) की उचित व्यवस्था नहीं थी। इसके अलावा कई कोचिंग सेंटरों में अग्निशमन यंत्र पुराने या खराब स्थिति में मिले। छात्रों की संख्या की तुलना में सुरक्षा उपकरण भी अपर्याप्त पाए गए।

अधिकारियों ने चायर सीढ़ी उपकरणों, इमरजेंसी एग्जिट और भवन सुरक्षा मानकों की विस्तार से जांच की। खामियां मिलने पर संचालकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। उन्हें प्रत्येक मंजिल और कक्षा में अग्निशमन यंत्र लगाने, आपातकालीन निकासी मार्ग स्पष्ट रूप से चिह्नित करने और सुरक्षा नियमों के अनुपालन आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा गया है।

एसडीएम प्रीति जोशी ने बताया कि जिन संस्थानों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें निर्धारित समय सीमा में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि सुरक्षा मानकों की अनदेखी जारी रही तो संबंधित संस्थानों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

ऑटो से उठाए फिंगर प्रिंट, पोर्टल पर डाले तो अंधेकत्ल का हुआ खुलासा

सम्मेलन में योगेंद्र को मिला दूसरा पुरस्कार

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

बता दें 23 फरवरी 2022 की। कामतानाथ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के शव मिलने की सूचना मिली। हालांकि लेकन फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ योगेंद्र साहू पुलिस टीम को राय मौके पर पहुंचे। हालांकि बाद करीब 3 किमी दूरी पर एक ऑटो भी मिला।

इसको लेकर योगेंद्र ने ऑटो अलग-अलग जगहों से 8 फिंगरप्रिंट ली लिए। ओस के कारण फिंगरप्रिंट ले पाना काफी मुश्किल था। बावजूद इसके, निरीक्षक योगेंद्र साहू ने अपनी सूझ-बूझ से फिंगरप्रिंट निकाल लिए।

नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम के प्रणाली उपयोग से भोपाल के ऐशबाग निवासी आरोपी कालूराम की पहचान हो गई। इसके बाद मुठभेड़ में हुआ के मामले का खुलासा हो गया। इस सफलता पर अपने फिंगरप्रिंट सम्मेलन को योगेंद्र साहू को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

विवाद सुलझा

सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत से बुजुर्गों को मिली बड़ी राहत

पति की मौत के बाद वर्षों पुराना संपत्ति विवाद सुलझा, पितापुत्र विवाद का हुआ निराकरण, बुजुर्ग मां को वापस मिलेंगे जेवर

पुलिस पंचायत से बुजुर्गों को मिल रही बड़ी राहत ।

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

पुलिस पंचायत में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 11 प्रकरणों की सुनवाई की गई। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों ने वर्षों पुराने पारिवारिक एवं संपत्ति विवादों का समाधान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में एक वरिष्ठ महिला ने पति की मृत्यु के बाद चल रहे संपत्ति विवाद की शिकायत रखी। महिला ने बताया कि उनके मकान में देवर घर परिवार निवास कर रहा है, जिससे वह अपनी संपत्ति का उपयोग नहीं कर पा रही थी। पंचायत द्वारा दोनों पक्षों से चर्चा के बाद मकान खाली कराने पर सहमति बन गई जिससे महिला को बड़ी राहत मिली। एक अन्य मामले में वरिष्ठ नागरिक ने पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा मकान निर्माण में बाधा पहुंचाने की प्रताड़ित करने की शिकायत की थी। पंचायत की पहल पर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और पुत्र ने सहयोग करने की सहमति दी। वहीं ग्यारिया निवासी एक बुजुर्ग की शिकायत पर उनके पुत्र ने पंचायत की समझाइश के बाद अपने नाम दर्ज कराई गई जमीन पुनः पिता के नाम कराने की सहमति जताई। गुलाबगंज की एक बुजुर्ग महिला ने अपने बेटी के जेवर वापस दिलाने की मांग की। सुनवाई के दौरान पुत्र ने तीन माह के भीतर अगहन अथवा किसी बेटी के जेवर लौटाने पर सहमति दी, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता दर्ज किया गया।

बैठक में अन्य मामलों की भी सुनवाई की गई। कुछ प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने तथा संबंधित पक्षों और साक्षियों की उपस्थिति के लिए आगामी तिथियां निर्धारित की गईं। पुलिस पंचायत वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

प्रताड़ना से तंग आकर भाई ने लगा ली फांसी,

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

एक दिन पहले बैसाली नगर में किराए के मकान में रहने वाले 30 वर्षीय दुर्लभ रघुवंशी ने फांसी लगा ली थी। इसके उसकी मौत हो गई। दुर्लभ के भाई मिलु रघुवंशी ने पुलिस को बताया कि दुर्लभ के बदले स्वभाव के कारण कुछ दिन से उससे बात नहीं हुई थी। उसने बताया वह कि उसे गजराज सिंह रघुवंशी नाम के व्यक्ति से 1 लाख 75 हजार रुपए लेने थे।

यह रकम उसने दो माह पहले गजराज से अपनी पत्नी तस्वी रघुवंशी के खाते में डलवाई थी। इसके बाद डीनाट बैंक की मैनेजर सहित अधिकार इन पैसों को बैंक के खाते में जमा कराने के लिए बार-बार फोन कर रही थी। जबकि उसका बैंक से किसी प्रकार का लेन-देन नहीं था। भाई ने आरोप लगाया कि बैंक मैनेजर सहित अधिकारी बार-बार फोन कर रही थी। वह भई की पुलिस में रिपोर्ट कराकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही थी। इस घटनाक्रम के डर से वह लोमवार सुबह नहा-धोकर 6 बजे घर से निकल गया था। उसने फांसी लगा ली।मंगलवार को उसके फांसी लगाने की सूचना मिली। दुर्लभ के घर नहीं पहुंचने पर हमने कोतवाली थाने में गुमशुदगी की एफआईआर करवाई थी।

डिजीटल

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-11,2083

राजगढ, दिन गुरुवार,दिनांक 25 जून ,2026

न्यूज गैलरी

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार किया

खिलचीपुर। तहसील के भोजपुर थाना क्षेत्र में एक 13 साल की बालिका से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी रामप्रसाद अहिरवार (20) निवासी मालपुर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार सोमवार रात करीब 1 बजे आरोपी बालिका को बहलाकर ले गया और पास के ही एक खाली खेत पर ले जाकर उसे धमकाते हुए दुष्कर्म किया। मंगलवार को बालिका ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। शिकायत पर मंगलवार शाम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

हाईवे पर में मिले बुजुर्ग की जिला अस्पताल में मौत

राजगढ़। भोजपुर थाना क्षेत्र के डाबला जोड़ के पास घायल और बीमार अवस्था में मिले एक अज्ञात बुजुर्ग की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, डाबला जोड़ पर एक बुजुर्ग के घायल अवस्था में मिलने पर जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। उपचार के दौरान रात करीब ढाई बजे बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

मोहर्रम को लेकर सुरक्षा व सफाई की मांग

सुसनेर। शहर में मोहर्रम पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुधवार को शहर काजी नवाब खान मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ थाना पहुंचे और टीआई अक्षय सिंह बेस को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा डग रोड स्थित नगर परिषद सर्वांलय में भी आवेदन दिया गया। शहर काजी ने बताया कि 25 और 26 जून को मोहर्रम पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान इमामिया क्षेत्र से मुख्य जुलूस निकाला जाएगा। समाज की ओर से जुलूस मार्ग पर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

दो साल से फरार दो आरोपी गिरफ्तार, एक पर इनाम

राजगढ़। जिले में फरार आरोपियों और गंभीर अपराधों में वांछित बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीते पुलिस ने दो साल से फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम कलियाना सांसी निवासी राजेश सांसी चोरी का सामान रखने के मामले में तथा मनमोहन सिंह सांसी गंभीर मारपीट के प्रकरण में फरार चल रहा था। मनमोहन सिंह की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 1400 रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने 22 जून को दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मित्र का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे भाजपा नेताओं पर डॉक्टर ने लगाए बदसलूकी के आरोप

चेंबर में बुलाया तो आड़े आया रसूख.. सर्जन पर भड़के पूर्व विधायक

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

जिला अस्पताल में कुरावर को पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोकेश पंवार, भाजपा भाजपा नेता श्याम गुर्जर और सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अभद्रता, धमकी और अनुचित व्यवहार के आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायत सौंप दी। डॉक्टर पक्ष ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराने की मांग की है, जबकि भाजपा नेताओं ने डॉक्टर पर मरीजों के प्रति उपेक्षापूर्ण और असम्मानजनक व्यवहार का आरोप लगाया और कानूनी कार्रवाई की मांग की।

पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने बताया कि उनके एक मित्र के घुटने का ऑपरेशन होना है। इसी संबंध में वे जिला अस्पताल पहुंचे थे। उनके साथ भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोकेश पंवार और भाजपा नेता श्याम गुर्जर भी थे। शर्मा के अनुसार उन्होंने डॉ. अंकुर देशवाली को फोन लगाया और मिलने का अनुरोध किया। डॉक्टर ने बताया कि वे ऑपरेशन थिएटर में हैं और अस्पताल आने को कहा।

पूर्व विधायक का आरोप है कि जब वे ऑपरेशन थिएटर पहुंचे तो डॉक्टर वहां मौजूद नहीं थे। करीब 15 मिनट बाद डॉक्टर अस्पताल परिसर में मिले। इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें चेंबर में आने के लिए कहा। शर्मा का कहना है कि जब वे ऊपर पहुंचे तो डॉक्टर एक चेंबर का दरवाजा बंद कर मोबाइल चला रहे थे। इस पर उन्होंने कहा कि बाहर मरीज इंतजार कर रहे हैं और डॉक्टर को मरीजों की देखभाल चाहिए। इसी बात पर डॉक्टर नाराज हो गए और विवाद शुरू हो गया।

भाजपा नेताओं ने कहा-अभद्रता जिला अस्पताल के डाक्टरों ने की

पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने डॉक्टर द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए उन्होंने कभी किसी अधिकारी या कर्मचारी से अभद्रता नहीं की। उनके अनुसार डॉक्टर किसी इलाज में विवाई दे रहे थे और उनका व मरीजों के दीदार ही नाराज हो गए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोकेश पंवार ने कहा कि किसी भाजपा नेता ने अभद्रता नहीं की। उल्टा डॉक्टर ने पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा के साथ अनुचित व्यवहार किया। वहीं भाजपा नेता श्याम गुर्जर ने भी डॉक्टर के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि पूर्व विधायक ने अपने परिचय देकर मरीज से संपर्क में चर्चा करनी चाही थी, लेकिन डॉक्टर ने असम्मानजनक व्यवहार किया और वहां से उठकर चले गए।

सर्जन का आरोप-जोटी

दोनों पक्षों ने एसपी से की शिकायत, एक-दूसरे पर लगाए अभद्रता के आरोप

दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमित-सुरेश तोलानी, एसपी।

कॉम्प्लेक्स में किया जनकर हंगामा, धमकी दी

दूसरी ओर सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली ने एसपी अमित-सुरेश तोलानी और सिविल सर्जन डॉ रजनीश हर्षा को दिए आवेदन में गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन के अनुसार पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, लोकेश पंवार, श्याम गुर्जर और उनके साथ आए अन्य लोगों ने पहले ट्रॉमा सेंटर के बाहर महक जी और बाद में ओटी कॉम्प्लेक्स तक पहुंच गए। डॉ. देशवाली ने आरोप लगाया कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, शोर-शराबा किया गया और चिकित्सकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया। उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है कि उस समय अस्पताल में गंभीर मरीज और छोटे बच्चे मौजूद थे। उनका कहना है कि इस घटनाक्रम से अस्पताल का माहौल प्रभावित हुआ और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। उन्होंने संबंधित पर कार्रवाई की मांग की।

धमकियों से परेशान युवक परिवार सहित पानी की टंकी पर चढ़ा, पुलिस ने सुरक्षित उतारा

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

राजगढ़ जिला मुख्यालय में कुरावर को एक युवक अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ पानी की टंकी पर चढ़ गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक ने अपने सगे भाइयों पर मारपीट, मारपीट करने और खेत पर जाने से रोकने के आरोप लगाए। कार्रवाई नहीं होने से नाराज युवक ने परिवार सहित टंकी से कूदने की चेतावनी दी।

जानकारी के अनुसार, भोजपुर थाना क्षेत्र के सालरी गांव निवासी बालचंद गुर्जर का अपने भाइयों ऊंकारलाल, हेमराज और नारायण गुर्जर से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बालचंद का आरोप है कि पिछले वर्ष उसके भाइयों ने उस पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें उसके हाथ पर कुल्हाड़ी से वार किया गया और सिर में भी चोटें आई थीं। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था।

बालचंद ने बताया कि जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी फिर से उसे धमका रहे हैं। उसके घर पहुंचकर मारपीट की गई और खेत पर जाने से भी रोका जा रहा है। उसने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

कुरावर दोपहर करीब 1.30 बजे बालचंद अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ राजगढ़ स्थित सेंट्रल स्कूल के सामने बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही लोतावली पुलिस मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे तक समझाइश के बाद पूरे परिवार को सुरक्षित नीचे उतार लिया। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

अतिक्रमण देख भड़के सीएमओ, व्यापारियों को दी कार्रवाई की चेतावनी

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

पनोर बस स्टैंड पर फैले अतिक्रमण और अव्यवस्था को लेकर नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक रावले ने बुधवार को सख्त रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्धारित सीमा से बाहर दुकानें लगाने वाले कल व्यापारियों को फटकार लगाई और यातायात नियंत्रण और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

सीएमओ ने सुबह बस स्टैंड का निरीक्षण किया, जहां मुख्य प्लेटफॉर्म पर सड़क दुकान से आकेलकर पार्क तक कल व्यापारियों द्वारा लगाई गई पेटियां और अन्य सामान देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कि कुरुक से ही बड़ी संख्या में कल पेटियां प्लेटफॉर्म पर रख दी जाती हैं, जिससे यात्रियों की आवाजाही प्रभावित होती है और जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई व्यापारी अपनी दुकानों का सामान सड़क और प्लेटफॉर्म तक फैला देते हैं, जिससे बड़ी गाड़ियों, वाहन चालकों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में नगर परिषद के पहले भी कई नोटिसजारी किए चुकी हैं।

सीएमओ दीपक रावले ने व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानें निर्धारित सीमा के भीतर ही संचालित करें। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड क्षेत्र में लाल की सीमा रेखा खींची जाएगी और उसके बाहर रखा गया सामान जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद का उद्देश्य बस स्टैंड को अतिक्रमण मुक्त, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है।

आवारा सांड ने युवती को मारी टक्कर, कैमरे में कैद हुआ हादसा

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

राजगढ़ जिले के जीरापुर की लगाई कॉलोनी में एक आवारा सांड के हमले से युवती घायल हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है, जो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर परिषद की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है।

जानकारी के अनुसार, युवती बैग और थैला लेकर कॉलोनी की सड़क से गुजर रही थी। इसी दौरान वह पीछे से किसी की आवाज सुनकर मुड़ी, तभी सेज रफ्तार से दौड़ते हुए आए एक सांड ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवती सड़क पर गिर पड़ी और कुछ समय के लिए बेहोश हो गई।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युवती की मदद की। उसे सुरक्षित स्थान पर बैठाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। राहत की बात यह रही कि युवती को गंभीर चोट नहीं आई और कुछ देर बाद वह अपने घर चली गई।

इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और गंभीर हादसे हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद: मंत्री राव उदयप्रताप

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंहगढ़।

प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री पर जुड़े आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इन्हें राजनीतिक और बेबुनियाद बताया है। नरसिंहगढ़ में एक निजी स्कूल के अतिरिक्त भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा के दौरान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले ढाई वर्षों से हर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिख रही है। सरकार की उपलब्धियों से विपक्ष पूरी तरह हताश है, इसलिए वह जनता का ध्यान भटकाने के लिए निराधार और राजनीतिक आरोप लगा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, अधोसंरचना, कृषि, स्वास्थ्य और जनकल्याण सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रही है। विकास कार्यों के कारण जनता का विश्वास सरकार के प्रति लगातार बढ़ा है, जिसे विपक्ष स्वीकार नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा जनता तथ्यों को अच्छी तरह समझती है और इस तरह के आरोपों से कोई प्रभावित होने वाला नहीं है। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, नरसिंहगढ़ विधायक गोपाल सिंह राठौर, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

खिलचीपुर में दूसरे दिन झमाझम बारिश, अगले तीन दिन मौसम रहेगा सक्रिय

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन हुई बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दिलाई है। कुरावर परिसर करीब 3 बजे अचानक मौसम बदला और तीन घंटे के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज ठंडी आसपास के इलाकों में देर तक वर्षा का दौर चलता रहा, जिससे वातावरण सुहावना हो गया।

मंगलवार को भी क्षेत्र में अच्छी बारिश दर्ज की गई थी। लगातार दो दिनों की वर्षा को स्थानीय लोग मानसून की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्यप्रदेश में एक हिस्सों में आगे बढ़ चुका है और जिले में भी इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देने लगा है।

मौसम विभाग ने राजगढ़ जिले के लिए अगले तीन दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 26 से 27 जून के बीच जिले में गरज-चमक के साथ वर्षा और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। बिजली चमकने की भी संभावना जताई गई है।

बारिश से किसानों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दे रही है, क्योंकि खरीफ फसलों की तैयारी के लिए यह मौसम बेहद अनुकूल माना जाता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दिनों में मानसून और अधिक सक्रिय हो सकता है, जिससे जिले में वर्षा की गतिविधियां बढ़ने के आसार हैं।

कथा का परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ समापन, होली में झूमे श्रद्धालु

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंहगढ

मंदिर जमात में दिवंगत महंत नंदराम दास खाकी महाराज की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को विधिवत समापन हुआ।

कथा के अंतिम दिन कथा वाचक राधियानंद महाराज ने परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन किया। कथा के दौरान प्रस्तुत गजलों पर श्रद्धालु नाचगिरोर होकर गुरुत्व करने लगे। वहीं भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। बसंतोत्सव की तर्ज पर फूलों की होली का आयोजन हुआ, समापन अवसर पर मंदिर के महंत दीनेंद्र दास खाकी एवं आयोजन समिति ने यजमानों को सम्मान पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर के महंत नंदरामदास महाराज, प्रमोद रैगर एवं डा. लगदीश शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्मृति दिवस 8वां पुण्य स्मृति दिवस 'विश्व आध्यात्मिक ज्ञान दिवस' के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया

विश्व आध्यात्मिक ज्ञान दिवस पर मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को श्रद्धांजलि

डीआर संवाददाता ✍ब्यावरा

ब्यावरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ब्यावरा में संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 8वां पुण्य स्मृति दिवस 'विश्व आध्यात्मिक ज्ञान दिवस' के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक सेवा केंद्र पहुंचे तथा मातेश्वरी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में राजगढ़ जिला प्रभारी राजयोगिनी बहु दीदी ने मातेश्वरी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे मात्र 16 वर्ष की आयु में ईश्वरीय ज्ञान से जुड़ गई थीं। उन्होंने अपने त्याग, तपस्या, सादगी और सेवा भावना से लाखों लोगों के जीवन को रूपांतरण किया। उनके सादगी भरे और आध्यात्मिक सेवाओं के कारण उन्हें मातेश्वरी की उपाधि प्राप्त हुई।

ब्यावरा सेवा केंद्र की संचालिका सलमी दीदी ने कहा कि मातेश्वरी साहस, शक्ति और निस्वार्थ की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने केवल 45 वर्ष की आयु में देह त्याग दी, लेकिन उनके संदेश और शिक्षाएं आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक जीवन के महत्व को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया।

कार्यक्रम में लता बाफना आशा शर्मा दीदी, उपाध्यक्ष समाज की महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा अग्रवाल सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने मातेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए सत्य, शांति और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

अंत में लक्ष्मी नारायण पटेल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

अधिकारियों ने किया सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों का निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक वरुण आचार्य एवं जिला समन्वयक प्रतिभसिंह पंवार का सारंगपुर विकासखंड में उत्साहजनक प्रवास संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य, पर्यावरणीय एवं जनहितकारी कार्यों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर संबंधित समितियों के प्रयासों की सराहना की। प्रवास के दौरान अधिकारियों ने ग्राम विकास इन्फ्रास्ट्रक्चर समिति बिलोया कला द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया।

समिति अध्यक्ष मनोज पाल ने उन्हें पूर्व समिति सचिव देवकरण पाल एवं सदस्य दिनेश पाल के नेतृत्व में सुशिक्षित और स्थानीय मंदिर परिसर में किए गए सुंदरीकरण एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि एक अच्छी जनप्रतिनिधि की पहचान उसके विकास कार्यों और जनता के प्रति समर्पण से होती है। जन अभियान परिषद और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से दोनों स्थान आकर्षक एवं प्रेरणादायक बने हैं। इसके बाद अधिकारियों ने नवांकुर संस्था शबीर शिराजी की समिति एवं ग्राम विकास इन्फ्रास्ट्रक्चर समिति ढाकनी द्वारा विकसित शिराजी पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में किए गए पर्यावरण संरक्षण एवं सुशोभीकरण कार्यों की सराहना की।